Edition: 1 Volume: 1

# SITAARE

A multiliingual magazine



Created & Edited by: Tanya




# WHAT'S INSIDE??






कविता 1: चिड़िया रानी

कविता 2: गेंद





कविता 3 : हाथी और बच्चे


कहानी: शेर को चकमा दे दिया







What's in the NEWS?

Picture Gallery



# चिड़िया रानी



चिड़िया दान खा रही है
चूँ चूँ कर कर गा रही है


चिड़िया बोली लाल टमाटर
मैं तुझको खा जाऊँगी

फिर मोटी हो जाऊँगी
टमाटर बोला मुझे मत खाओ



मुझे दर्द होता है
चिड़िया बोली मुझे भूख लगी है

मैं तो तुझको ही खाऊँगी
टमाटर बोला, मैं गोल मोल हो जाऊँगा





# गेंद




गोल गोल होती गेंद,
उछल उछल कर नाचती गेंद।

मुझको बहुत है प्यारी गेंद,
कभी कभी छुप जाती गेंद ।

बड़े मजे करती गेंद,
सबके मन को भाती गेंद ।

# हाथी और बच्चे




चुप चाप आता हाथी
हस्ते खेलते जाता हाथी




जब भी घूमने जाता हाथी
अपने बच्चे को साथ ले जाता हाथी




जब भी गंगा में नहाने जाता हाथी
प्यार से, दुलार से, अपने बच्चे को भी नहलाता हाथी



जंगल के फल जब भी खाता हाथी
सबसे पहले अपने बच्चे को भी देता हा






चुप चाप फिर सो जाते दोनों हाथी
हस्ते खेलते नींद से जाग जाते हाथी ।

# शेर को चकमा दे दिया
# लेखक :



**बारिशों के दिन चल रहे थे और मैं अपने दोस्तों के साथ बाहर खेल रही थी। खेलते ही खेलते अचानक बादलो  ने घेरा बना लिया और सूरज को छुपा दिया।बहुत तेज़ बिजली कड़कने लगी और हम सभी बच्चे अपने डेरे में चले गये। कुछ ही देर में झमाझम बारिश होने लगी। बारिश को देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा पर देखते ही देखते बारिश और तेज होने लगी। मुझे अब बारिश अच्छी नहीं लग रही क्योंकि बारिश की वजह से मैं और मेरे दोस्त खेल खेल नहीं सकते थे। मुझे परेशान देखकर मेरी अम्मी ने मुझे अपने पास बैठाया और कहानी सुनाने लगी।**



"कुछ साल पहले जब तुम पैदा भी नहीं हुई थी, हमारे गाँव में एक आदमी रहता था जो रोज़ जंगल जाता था। चाहे ठंड हो, आँधी हो या बारिश हो, वह रोज़ जंगल में लकड़ी काटने जाता था। एक दिन जब वह लकड़ी काट रहा था, तभी एक शेर आ गया। शेर की दहाड़ सुनकर वह बहुत डर गया। डरती हुई आवाज़ में उसने शेर से पूछा, तुम यहाँ क्यों आए हो? शेर बोला, मैं तुमको खाने आया हूँ। उसने हाथ जोकर शेर से कहा, मैं बहुत गरीब हूँ और मेरे छोटे छोटे दो बच्चे है। मैं मैर गया तो मेरे परिवार का ख़याल कौन रखेगा? शेर ने कहा, मुझे इस सबसे कोई मतलब नहीं है, मुझे भूख लगी है और तुम मेरा शिकार हो।





वह बहुत चालाक था, उसने शेर से कहा की अच्छा ठीक है तुम मुझे खा लेना। लेकिन खाने से पहले मेरी एक शर्त है, शेर ने सोचा मरते मरते इसकी आख़िरी इच्छा पूरी कर देता हूँ। शेर ने बोला, क्या है तुम्हारी शर्त बताओ मुझे। आदमी ने कहा की, मैं एक बार तुम्हारी आँखें पूरी खुली हुई नज़दीक से देखना चाहता हूँ। यह सुनकर शेर हँसने लगा और उसने कहा की, ठीक है,मैं अपनी आँखें खोल रहा हूँ, तुम आओ देख लो। जैसे ही शेर ने आँखें खोली, आदमी ने अपने खाने के थैले से लाल मिर्च निकाली और शेर की आँखों में डाल दी। मिर्च से शेर दर्द और जलन से तड़पने लगा और आदमी वहाँ से लकड़ी उठाकर भाग गया।"



कहानी सुनकर मुझे बहुत मज़ा आया और मैंने अम्मी से कहा की कहानी तो बहुत मज़ेदार थी पर इसका नाम क्या था? अम्मी ने कहा, नाम तो नहीं पता मुझे तू ही कुछ नाम रख दे। मैंने थोड़ी देर सोचा और बोला, इस कहानी का नाम होना चाहिए,"शेर को चकमा दे दिया "। यह सुनकर अम्मी बहुत खुश हुई और हस्ते हस्ते बोली की जा अब खेल ले अपने दोस्तों के साथ, बारिश भी रुक गई है।

मैं जल्दी से बाहर गई अपने दोस्तों को बुलाया और सबको मैंने कहानी कहानी सुनाई। मेरे दोस्त भी कहानी सुनकर बहुत खुश हुए।








## What's in the NEWS?

# 1. New session New class

मुझे स्कूल आना बहुत अच्छा लगता है। अब मैं कक्षा ४ में आ गई हूँ। मेरी नई कक्षा में बहुत से चित्र बने है। इस साल स्कूल में मेरा छोटा भाई और मेरी बहन भी मेरे साथ आते है।




What's in the NEWS?

# 2. Summer breaks with super interesting holiday's homework

छुट्टियों में हमे काम मिला था जिसे करने में बहुत मज़ा आया। आधार कार्ड बनाओ, अपनी कॉपी में चित्र बनाओ, घर के सभी लोगो से बातें करो और लिखो। मेरी मम्मी को भी मेरा काम देख कर ख़ुशी हुई।वो रोज़ मुझे स्कूल का काम करना याद दिलाती थी।




What's in the NEWS?

# 3. Heavy rains, water logging and school closed

इस बार बहुत बारिश हुई। हमारे स्कूल की दीवार भी टूट गई। स्कूल भी बंद हो गए थे। मैं अपने दोस्तों के साथ बारिश में बस्ती में घूमा और नाव भी बनाई। मेरी कक्षा में एक लड़का पढ़ता है उसके तो घर में खूब पानी आया। उसकी किताबे भी गीली हो गई।

What's in the NEWS?

# 4.School reopen with colorful resources

स्कूल में हमारे बैठने के लिए रंग बिरंगे आसन आये है। खेलने का सामान जैसे की, BAT, BALL,आया है। बहुत सारे रंग, मोम वाले, पानी वाले और pen वाले।

What's in the NEWS?

# 5.Colorful libraries with amazing books to read

“अब मुझे स्कूल जाने में बहुत मज़ा आता है। मैं LUNCH टाइम में हर दिन लाइब्रेरी में जाती हूँ और एक किताब पढ़ती हूँ। मुझे स्कूल में ताता  किताब बहुत अच्छी लगती है।”

# Picture Gallery













**Click to take a step with us**

https://rzp.io/l/mtRuxy5T5

**To know more click below:**

Samanta Facebook LinkedIn Twitter Instagram